नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : .................. दिनांक : 26.10.2018

## प्रकाशनार्थ

26 अक्टूबर 2018 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों/सेविकाओं को मतदाता प्रपत्र उपलब्ध कराकर मतदाता बनाने का कार्य प्रारम्भ किया गया साथ ही स्वयं सेवकों/सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए प्रभारी डॉ. यशवन्त कुमार राव ने कहा कि मतदान किसी भी देश की राजनीतिक व्यवस्था की रीढ़ होती है। प्रतिनिधियात्मक शासन में मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। प्रतिनिधियों के चरित्र एवं कार्यप्रणाली को देखते हुए मतदाता अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करते है, अपनी समस्याओं को प्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार तक पहुँचाते है। मतदाता जागरूक हो तथा धन, राजनीतिक दबाव, जाति से बिना प्रभावित हुए मतदान करें। और निर्वाचन में बढ़-चढकर अपनी सहभागीता सुनिश्चित करे तो लोकतन्त्र का मार्ग प्रशस्त होगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि मतदान आज के लोकतन्त्र का आधार है। मतदाताओं को ईमानदारी से राष्ट्र के विकास तथा मानव जाति के विकास के लिए बिना किसी पक्षपात के अपने मत का प्रयोग करना चाहिए।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी, शिक्षक जैसे डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. राजेश शुक्ला, डॉ. सुभाष गुप्ता, डॉ. रमाकान्त दूबे, श्रीमती कविता मंध्यान, श्रीमती शिप्रा सिंह, डॉ. मृत्यंजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

(डॉ. राजेश शुक्ला)

सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी